13/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं को आरक्षण देने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया है। आज नई दिल्ली में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी देश के लोकतंत्र को मज़बूत बनाती है। उन्होंने कहा कि भारत की नारी शक्ति ने देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है और इस महीने की 16 तारीख से संसद का एक विशेष सत्र आयोजित होने जा रहा है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्म-सम्मान और लोकतांत्रिक भागीदारी को सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि आज देश की बेटियाँ राष्ट्र की विकास यात्रा की ध्वजवाहक बन रही हैं।

0000000000000000000000

भारत ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलने के चीन के कदम को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए कहा कि ऐसे दावे तथा निराधार हैं और इस “अखंड वास्तविकता”को नहीं बदल सकते कि ये क्षेत्र भारत के अभिन्न हिस्सा हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीन को ऐसे कदमों से बचना चाहिए, जो द्विपक्षीय संबंधों में नकारात्मकता लाते हैं और बेहतर समझ बनाने के प्रयासों को कमजोर करते हैं। नई दिल्ली की यह प्रतिक्रिया बीजिंग द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कई स्थानों के लिए चीनी नाम घोषित करने के बाद आई। उन्होंने यह भी कहा कि भारत, चीन की ओर से भारतीय क्षेत्र के हिस्सों को काल्पनिक नाम देने के किसी भी प्रयास को पूरी तरह खारिज करता है।

0000000000000000000000

अमेरिका द्वारा ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी की घोषणा के बाद एशिया में ऊर्जा बाजार खुलते ही वैश्विक तेल कीमतों में तेज उछाल देखा गया। वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 8.5 प्रतिशत बढ़कर 102.37 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 9 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.34 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर है। एशिया के प्रमुख शेयर बाजारों में आज गिरावट दर्ज की गई। जापान का निक्केई 225 सूचकांक 0.8 प्रतिशत गिरा, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.8 प्रतिशत नीचे रहा।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने सांगकेन के पावन अवसर पर राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह पवित्र पर्व सभी को भगवान बुद्ध के दिखाए करुणा, शांति और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगा।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज राज्य के उस दल का स्वागत और सम्मान किया, जिसने 25 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में भाग लिया। उन्होंने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। अरुणाचल प्रदेश ने 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 5वां स्थान प्राप्त किया और उत्तर-पूर्व क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य बना। राज्य ने कुल 11 पदक जीते, जिनमें 6 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक शामिल हैं। सम्मान समारोह में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों और खेल संघों के सदस्यों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को पूरे राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक, ने आज ईटानगर स्थित लोक भवन में आयोजित 'लेट्स स्पीक अरुणाचल' नामक युवा संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम 'लेट्स स्पीक अरुणाचल' नामक गैर-सरकारी संगठन द्वारा राज्यपाल सचिवालय के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के झिझक दूर करने और स्पष्टता एवं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने के लिए प्रेरित करना था।

0000000000000000000000

नोक्ते समुदाय के मौखिक इतिहासकारों में से एक और बोरडुरिया गांव के सबसे वृद्ध पुरुष वाखाम तांगजांग का रविवार को 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्ट्रोक के कारण उनके आकस्मिक निधन से बोरडुरिया गांव में गहरा शोक व्याप्त है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी और मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। लोङदिङ जिले में पिछले 24 घंटों में उनतीस मिलीमीटर वर्षा हुई, जबकि तिराप जिले के देओमाली में 18.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। ईटानगर मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में ईस्ट सियाङ और अपर सुबनसिरी जिलों में तेज वर्षा तथा सियाङ, अपर सियाङ, शी-योमी और लोअर दिबाङ वैली जिलों में बहुत तेज़ बारिश होने की संभावना व्यक्त की है।

0000000000000000000000

संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना ने सोमवार से ईरान के बंदरगाहों की समुद्री नाकेबंदी शुरू कर दी है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश के बाद उठाया गया है, जिसमें होरमुज़ जलडमरूमध्य को

अवरुद्ध करने को कहा गया था। संयुक्त राज्य सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह नाकेबंदी ईरान के बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में आने-जाने वाले सभी जहाजों पर लागू होगी। हालांकि, जो जहाज गैर-ईरानी बंदरगाहों की ओर होरमुज़ जलडमरूमध्य से गुजरेंगे, उन्हें अनुमति दी जाएगी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कौर ने चेतावनी दी है कि अमेरिका या उसके सहयोगियों की किसी भी कार्रवाई या गलती का कड़ा जवाब दिया जाएगा। ईरान ने यह भी दावा किया है कि उसका होरमुज़ जलडमरूमध्य पर पूर्ण नियंत्रण है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि यह कदम ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने के लिए आवश्यक है और उन्होंने उम्मीद जताई कि तेहरान फिर से बातचीत के लिए लौटेगा।

00000000000000000000000